याचिका क्र. 139/05

<u>मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग, भोपाल</u>

याचिकाकर्ता – अध्यक्ष विकास अपार्टमेंट
को–आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड,
तुलसी सदन, इन्दौर (म.प्र.) – आवेदक

विरूद्ध

अधीक्षण यंत्री संचा/संधा–वृत्त इन्दौर
कार्यपालन यंत्री संचा/संधा. – संभाग,
इन्दौर. – अनावेदक

: <u>आदेश</u> :

(दिनाँक 25 अप्रैल, 2006 को पारित)

विषय : श्रीनाथ पैलेस कॉलोनी के विद्युतीकरण के बावत् ।

याचिकाकर्ता की ओर से श्री बसन्त जैन, प्रतिनिधि उपस्थित ।

अनावेदक श्री डी.के. ओझा, एडीशनल एस.ई. पश्चिम जोन उपस्थित ।

उपरोक्त याचिका याचिकाकर्ता अध्यक्ष, विकास अपार्टमेंट को–आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड द्वारा श्रीनाथ पैलेस कॉलोनी के विद्युतीकरण के संबंध में आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई ।

2. अनावेदक द्वारा कारण प्रतिवेदन आज प्रस्तुत नहीं किया गया किन्तु प्रस्तुत उत्तर में यह बतलाया कि याचिकाकर्ता द्वारा बतलाई गई जमीन उप–केन्द्र हेतु उपयुक्त नहीं है तथा निर्धारित मापदण्ड अनुसार 33x50 मीटर का भी उक्त भू–खण्ड नहीं है जो 35/11 के.वी.ए. सब स्टेशन के निर्माण हेतु आवश्यक है । उक्त प्रस्तावित भू–खण्ड के ऊपर से 132 के.वी.ए. एच.टी. लाईन भी जाती है । इस कारण प्रस्तावित भूमि पर उप–केन्द्र बनाया जाना संभव नहीं है । अनावेदक द्वारा इस याचिका को जनरल चार्जेज संबंधी पुनरीक्षण याचिका क्रमांक 12/2006 के साथ संबंधित सुनवाई करने हेतु भी निवेदन किया है । आवेदक द्वारा यह बतलाया गया कि जमीन उपयुक्त है किन्तु फिर भी अनावेदक द्वारा उप–केन्द्र निर्माण में आना–कानी की जा रही है ।

3. आयोग द्वारा उभयपक्षों को श्रवण किया गया । आयोग अनावेदक द्वारा इस याचिका को याचिका क्रमांक 12/2006 से सम्बद्ध करने के तथ्य से सहमत नहीं है । अतः पूर्व आदेश अनुसार अनावेदक उप केन्द्र के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें । साथ ही आयोग द्वारा आवेदक को

भी यह निर्देश दिये जाते हैं कि अनावेदक को उपकेन्द्र हेतु 30x50 मीटर निर्धारित क्षेत्रफल का तथा उपयुक्त भू–खण्ड एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करावे । इसके पश्चात् ही अनावेदक द्वारा उत्पादन केन्द्र निर्माण की शीघ्र कार्यवाही की जा सकेगी । आयोग द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि यदि अनावेदक को बिल संबंधी अन्य कोई शिकायत हो तो पुनः उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा ।

उक्त निर्देश के साथ ही यह प्रकरण समाप्त किया जाता है ।

हस्ता / –	हस्ता / –	हस्ता / –
(आर. नटराजन) ए सदस्य (इकॉनामिक)	(डी. रायबर्धन) सदस्य (अभि.)	(पी.के. मेहरोत्रा) अध्यक्ष.